# सोशल मीडिया के खतरे, एआई से जुड़े फ्रॉड, डेटा सुरक्षा के उपाय बताए गए

भास्कर न्यूज | डोंगरगांव

डोंगरगांव के शासकीय आत्मानंद विद्यालय में 23 नवंबर को साइबर सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्विक हिल फाउंडेशन के द्वारा (सेंट्रल फॉर यूथ डेवलपमेंट एंड एक्टिविटीज) के सहयोग से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के साइबर वॉरियर्स वेदित्य कोर्राम व प्रिय निषाद के द्वारा साइबर सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों व युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें ऑनलाइन खतरे से बचने का तरीका सिखाना था।

विशेषज्ञ वॉरियर्स ने साइबर अपराध के बारे में बताया और अपने डेटा सुरक्षा के लिए जानकारी दी। यह भी बताया कि अपराध हो जाने पर कहां अपनी शिकायत दर्ज कराया जाए। इन्होंने साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु साइबर अपराध के प्रकार, सोशल मीडिया के खतरे, एआई से जुड़े फ्रॉड, डेटा सुरक्षा के उपाय, इंटरनेट का प्रयोग, ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खतरे, साइबर सुरक्षा के नियम। साथ में यह भी बताया कि साइबर अपराध होने पर 1930 में कॉल कर और cybercrime.gov.in में रिपोर्ट कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इस अवसर पर प्राचार्य बीएल देवांगन, व्याख्याता वायआर कोठारी, शिक्षक समेत अन्य लोग मौजूद थे।



डोंगरगांव. छात्रों, युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।